केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय)
शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के अधीन
56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058

Central Sanskrit University
Established by an Act of Parliament
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be University)
Under Ministry of Education, Govt. of India
56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi - 110058


क्र.सं.-8-1/के0सं0वि0/समर्थ प्रवेश/2024/432

दिनांक-12.06.2024

ई-मेल

सेवा में,

निदेशक,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
सभी संबंधित परिसर

विषय :-शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के सन्दर्भ में।

महोदया/महोदय,

विदित है कि शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु प्रवेशार्थियों की सूची अग्रिम कार्यवाही हेतु आपकी सेवा में प्रेषित की जा रही है। छात्रों का परामर्शन दिनांक 18.06.2024 से 22.06.2024 तक पूर्ण किया जाना अपेक्षित है। उक्त कक्षा में प्रवेश हेतु स्थानीय प्रवेश समिति को निम्नलिखित विषयों पर अवश्य ध्यान देने हेतु निर्देशित किया जाए-

- माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त सम्बन्धित प्रवेशार्थियों को भौतिक उपस्थिति या ऑनलाईन के माध्यम से आबंटित परिसर में प्रवेश की सुविधा दी गई है। ऑन-लाईन के माध्यम से दस्तावेजों के सफल सत्यापन कराने वाले प्रवेशार्थियों को स्थानीय प्रवेश समिति की अनुशंसा पर अस्थायी प्रवेश दिया जायेगा। जिन प्रवेशार्थियों को अस्थायी प्रवेशप्रदान किया जायेगा उनसे शपथ पत्र लेना होगा कि ''मैं भौतिक रूप से आबंटित परिसर में मूल प्रमाणपत्रों के साथ उपस्थित होकर पुनः दस्तावेजों का सत्यापन कराऊंगा/ कराऊंगी तथा किन्हीं कारणों से असफल होने पर मेरा प्रवेश बिना किसी शर्त के साथ निरस्त किया जाए तथा मुझे यह भी ज्ञात है कि भौतिक सत्यापन में असफल होने पर मेरे द्वारा समर्पित शुल्क वापिस नहीं होगा।''
- जन्मतिथि के प्रमाणपत्र की जांच करना तथा प्रवेश हेतु नियमानुसार आयु है या नहीं यह सत्यापन करना।
- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शास्त्री/बी.ए. (संस्कृत विषय सहित)/समकक्ष उपाधि और/या आचार्य/एम.ए. (संस्कृत)/समकक्ष उपाधि, उत्तीर्ण अंकतालिकाओं एवं प्रमाणपत्रों का निरीक्षण करना।
- चिकित्सकीय प्रमाणपत्र का निरीक्षण करना। (प्रवेशार्थीयों का प्रवेश पश्चात् परिसर द्वारा किया जाएगा)
- रैगिंग के विरोध सम्बन्धित शपथ पत्र का निरीक्षण करना। (प्रवेशार्थीयों का प्रवेश पश्चात् परिसर द्वारा किया जाएगा)
- (Anti- ragging .in/Affidavit_university_form.Ph.D)के माध्यम से register करके परिसर में पत्र जमा करना होगा।
- परिसर स्थानान्तरण निषेध का छात्रों द्वारा लिखित प्रतिज्ञा पत्र लेना।
- प्रवेशार्थियों के सभी दस्तावेजों की सही जाँच करने के उपरान्त ही प्रवेशार्थियों से नियमानुसार जमा करने की अनुशंसा करें।

- ऑनलाईन के माध्यम से दस्तावेजों के सफल सत्यापन के पश्चात् अस्थायी प्रवेश प्राप्त प्रवेशार्थियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया जाये कि "यह आपका अस्थायी प्रवेश है। प्रवेश तभी स्थायी माना जायेगा जब आप भौतिक रूप से आबंटित परिसर में समस्त मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर सत्यापन करायेंगे।"
- सूची में प्रवेशार्थियों का दूरभाष एवं ई-मेल विवरण दिया गया है। अतः सूची में अंकित प्रवेशार्थियों से दूरभाष से भी सम्पर्क किया जा सकता है।
- किन्हीं कारणों से प्रवेशार्थियों के प्रवेश में त्रुटि पाये जाने पर एवं प्रवेशार्थियों द्वारा न्यायालय में शिकायत करने पर सम्बन्धित परिसर की स्थानीय प्रवेश समिति एवं निदेशक पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।
- छात्रों को www.abc.gov.in/https://apaar.education.gov.in लिंक पर जाकर पञ्जीकरण करना आवश्यक है। पञ्जीकरण के उपरान्त पञ्जीकरण की प्रतिलिपि प्रवेश समिति को प्रस्तुत करनी होगी।
- प्रवेश दिनांक 18.06.2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 22.06.2024 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालयीय समय पर लिया जायेगा।
- स्थानिय प्रवेश समिति के द्वारा जिन प्रवेशार्थियों को स्थायी/अस्थायी रूप से प्रवेश दिया जाता है उन प्रवेशार्थीयों को https://sanskritcuet.samarth.edu.in/pg/पर प्रवेश शुल्क भरने के लिए मार्गदर्शन करें।
- सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश शुल्क इस प्रकार देय होगा।

| शिक्षा शास्त्री प्रथम वर्ष | शिक्षा शास्त्री द्वितीय वर्ष |
|---|---|
| प्रथम सत्रार्द्ध-7500/-(GEN/EWS/OBC/SGC)<br>7000/- (SC/ST/PWD/CW) | तृतीय सत्रार्द्ध-7500/-(GEN/EWS/OBC/SGC)<br>7000/- (SC/ST/PWD/CW) |
| द्वितीय सत्रार्द्ध-1700/-(GEN/EWS/OBC/SGC)<br>1200/-(SC/ST/PWD/CW) | चतुर्थ सत्रार्द्ध-1700/-(GEN/EWS/OBC/SGC)<br>1200/-(SC/ST/PWD/CW) |

- प्रवेशार्थियों का प्रवेश शुल्क परिसर के द्वारा स्वीकृत नहीं किया जाएगा।SC/ST/PWD/CW अभ्यर्थीयों के लिए केवल शिक्षण शुल्क में छुट है।
- प्रवेशार्थीयों का प्रवेश सुनिश्चित हो जाने के बाद दिनांक 27.06.2024 को परिसर में अध्ययनार्थ उपस्थित होना अनिवार्य है।
- प्रवेशार्थियों का परामर्शन प्रक्रिया के उपरान्त सफल अभ्यर्थी दिनांक 18.06.2024 से दिनांक 24.06.2024 सायं 07.00बजे तक प्रवेश शुल्क समर्थ पर प्रदान कर सकते हैं।
- जिन छात्रों का परामर्शन जिस दिन किया जाएगा, उसी दिन परिसरीय तकनीकी सहायक की सहायता से समर्थ पोर्टल पर प्रवेश शुल्क प्रदान हेतु प्रक्रिया सम्पादन करनी होगी तथा परामर्शन प्रक्रिया में भाग लेने वाले आवेदकों का विवरण प्रेषित प्रारुप में YES/NO उल्लेखित कर दिनांक 25.06.2024 को प्रातः 11.00 बजे इस मेल admission@csu.co.in पर प्रेषित करें।
- प्रवेश के उपरान्त रिक्त स्थान का स्पष्ट विवरण प्रेषित करें।

सादर,

भवदीय,

B. Biswal 12/06/2024

(प्रो. बनमाली बिश्वाल)

अधिष्ठाता (शैक्षिकवृत्त)